**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-27 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 27 (क)क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि ‌ लखनऊ के मोहल्ला प्रेमनगर-जनपद, निकट गौरी बर्तन भण्डार, जो कि गुरूनानक वार्ड, नगर निगम जोन-5 के अन्तर्गत आता है, वहाँ की आम जनता विगत कई वर्षो से दुर्गन्धयुक्त एवं प्रदूषित जल आपूर्ति की समस्या से पीडित है ? | जी नहीं। |
| (ख)क्या उक्त वार्ड के नागरिकों के स्वास्थ्य सम्बन्धी अति आवश्यक जरूरतों को दृष्टिगत रखते हुये पेयजल आपूर्ति की लाइनों को बदलवाते हुये शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायेंगे ? | ग्रीष्म ऋतु में मोहल्ला प्रेमनगर, गुप्ता मार्केट स्थित मिनी नलकूप, अचानक मिट्टी व बालू देने लगा था, जिसको तत्समय उ0प्र0 जल निगम द्वारा कम्प्रेशर मशीन लगाकर बोर की सफाई कराई गयी। 04 स्थानों पर पाइप लाइन काटकर वाशिंग भी करायी गयी थी। उक्त के अतिरिक्त क्षतिग्रस्त एवं नाले/नालियों के किनारे से गुजरती हुई पुरानी पेयजल पाईप लाइनों को आवश्यकतानुसार बदला गया है। वर्तमान में उक्त क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। |
| (ग)यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ)यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

ए0के0 शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।

BL-question ka ans & letter